था, जिसके पात्रता की जांच कर नियमानुसार भूखण्ड आवंटित कर पट्टा जारी किया गया है। राजस्थान पंचायती राज नियम, 1996 के नियम 158 के अन्र्तगत वर्णित श्रेणी के व्यक्तियों को 300 वर्गगज तक की भूमि निःशुल्क/रियायती दर आवंटित किये जाने का प्रावधान है। अप्रार्थी संख्या–2 भी उक्त नियम 158 में वर्णित श्रेणी का गरीब व भूमिहीन व्यक्ति है जिसके पास प्रश्नगत पट्टे के अलावा अन्य कोई आवासीय भूमि/मकान नही है। अप्रार्थी संख्या–2 पशुपालन कर अपने परिवार का जीविकोपार्जन करता है। ग्राम पंचायत, वाटेरा द्वारा अप्रार्थी संख्या–2 को क्षेत्रफल 1350 वर्गफीट अर्थात् 150 वर्गगज से कम आबादी भूखण्ड आवंटन का पट्टा जारी किया गया है। यह कि ग्राम पंचायत, वाटेरा द्वारा आबादी में आवंटित उक्त आवासीय भूखण्डो का कुछ व्यक्तियों को कब्जा नही दिये जाने के संबंध में एक शिकायत हुई, जिसकी जांच अधिकारी द्वारा कुल 24 व्यक्तियों के सामूहिक बयान लिये जाकर पट्टों को गलत जारी होना बताया है। जांच रिपोर्ट में जन प्रतिनिधि वार्ड पंचों के रिश्तेदारों को पट्टे देना बताया है जिसमें वार्ड पंच से रिश्ता वार्ड पंच के बेटे के साले की पत्नी, वार्ड पंच के काका की पत्नी आदि रिश्ता बताया गया है। वार्ड पंच के रिश्तेदार होने से किसी व्यक्ति की पट्टा प्राप्त करने की पात्रता पर कोई फर्क नही पडता है। उक्त जांच रिपोर्ट में यह भी अंकित किया है कि रेबारी समाज के व्यक्तियों को राजस्थान पंचायती राज नियम, 1996 के नियम 157(2) के तहत पट्टे देने थे, लेकिन उन्हें नियम 158 में पट्टे जारी करना बताया है। पुश्तैनी/पुराने आवासीय मकान का पट्टा नियम 157 में दिये जाने का प्रावधान है। यदि किसी व्यक्ति को जो उक्त नियम 157 के तहत पट्टे देने थे और नियम 158 के तहत पट्टा जारी कर दिया है तो इससे प्रश्नगत पट्टे की भूमि के स्वामित्व व मालिकाना हक पर कोई फर्क नही पड़ता है। जांच कमेटी ने गलत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की है उस गलत जांच रिपोर्ट के आधार पर यह गलत निगरानी आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रश्नगत पट्टे की भूमि पर अप्रार्थी संख्या–2 का पुराना कब्जा था एवं पुराने कब्जे के आधार पर अप्रार्थी संख्या–2 प्रश्नगत भूमि का पट्टा प्राप्त करने की पात्र है। अप्रार्थी संख्या–2 के विद्वान अधिवक्ता ने बहस के दौरान यह भी व्यक्त किया कि यदि फिर भी ग्राम पंचायत स्तर पर पट्टा जारी करने में कोई अनियमितता या त्रुटि हुई है तो उसे किसी भी समय सुधारा जा सकता है। ग्राम पंचायत द्वारा किये गये कृत्य के लिये अप्रार्थी संख्या–2 को दोषी नही ठहराया जा सकता है, क्योकि नियमों की पालना करने का दायित्व ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों का था जिस पर अप्रार्थी संख्या–2 का कोई नियंत्रण नही था। कानून की स्थिति यह है कि 100 दोषी व्यक्ति छुट जाये, लेकिन एक निर्दोष को सजा नही होनी चाहिये। अप्रार्थी संख्या–2 के विद्वान अधिवक्ता ने बहस के दौरान यह भी व्यक्ति किया कि प्रार्थी विकास अधिकारी, पंचायत समिति, पिण्डवाडा द्वारा प्रस्तुत निगरानी आवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किये जाने वाले निगरानी आवेदन के प्रारुप में नही होकर विभागीय पत्र के रुप में प्रस्तुत किया है। निगरानी आवेदन में अंकित कथनों के संबंध में निगरानी आवेदन में प्रार्थी ने स्वयं का सत्यापन प्रमाण अंकित नही किया है तथा न ही निगरानी आवेदन के साथ शपथ पत्र प्रस्तुत किया है। ग्राम पंचायत, वाटेरा ने अप्रार्थी संख्या–2 के पक्ष में रियायती दर पर भूखण्ड आवंटन करने के संबंध में जो प्रस्ताव पारित किया है उसको प्रार्थी विकास अधिकारी, पंचायत समिति, पिण्डवाडा ने कभी भी चुनौती नही दी है एवं इस प्रस्ताव के अस्तित्व में रहते उक्त निगरानी आवेदन कानून परिपोषणीय नही है। अप्रार्थी संख्या–2 के अधिवक्ता ने बहस के दौरान विधिक दृष्टान्त 2021(1)DNJ(Raj.) Page 186-188 में अंकित तथ्यों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए यह भी व्यक्त किया कि ग्राम पंचायत द्वारा अप्रार्थी संख्या–2 के पक्ष में जारी पट्टा विलेख का उप पंजीयक कार्यालय, पिण्डवाडा से पंजीयन भी करवाया है,

......पेज चार पर

Signature Not Verified
Digitally signed by Kalu Ram Khod
Date: 2022.06.06 18:03:08 IST
Reason: SelfAttested

